450. बिजौलिया में तलवार लाग नाम से नयी लागत किसने लगाई थी-

(a) पृथ्वी सिंह (b) किशन सिंह
(c) केसरी सिंह (d) स्वरूप सिंह

JEN Civil Degree Exam Date - 16.10.2016

Ans. (a) 1906 ई. में पृथ्वी सिंह ने बिजौलिया के जमींनदार बनने पर जनता पर तलवार बांदी कर लगा दिया। यह उत्तराधिकारी शुल्क होता है, इसके विरोधस्वरूप कृषकों ने साधु सीताराम फतहकरण चरण और ब्रह्मदेव के नेतृत्व में विरोध किया।

451. 'कवि वृष' की उपाधि किस राजा को दी गई थी-

(a) अभय सिंह (b) मुंज
(c) प्रताप सिंह (d) राव जोधा

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (b) 'कवि वृष' की उपाधि राजा मुंज को प्रदान की गई थी। मुंज को ''वाक्पतिमुंज'' के नाम से जाना जाता था। ये परमार वंश के शासक थे।

452. कौनसा कूट सुमेलित नहीं है-

राज्य (1857)	शासक (1857)
(i) धौलपुर	- शम्भूसिंह
(ii) करौली	- मदन पाल
(iii) बाँसवाड़ा	- लक्ष्मण सिंह
(iv) कोटा	- रामसिंह द्वितीय

(a) (i) (b) (ii)
(c) (iii) (d) (iv)

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (a) – सही सुमेलित है-

राज्य (1857)	शासक (1857)
धौलपुर	राव रामचंद्र एवं हीरा लाल
करौली	मदन पाल
बॉसवाड़ा	लक्ष्मण सिंह
कोटा	रामसिंह द्वितीय

453. बिजौलिया ठिकाने का संस्थापक कौन था-

(a) अशोक परमार (b) बलवन्त परमार
(c) कर्मचन्द परमार (d) डालचन्द्र परमार

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (a) – बिजौलिया ठिकाने के संस्थापक अशोक परमार थे। जो राणा सांगा की सेवा में अपने मूल निवास स्थान जगनेर (भरतपुर-वर्तमान आगरा) से आए थे। 1527 ई. में खानवा के युद्ध में अशोक परमार की वीरता से खुश होकर रूणा सांगा ने उन्हें 260 वर्ग कि.मी. फैले हुए ऊपरमाल जागीर प्रदान की थी। बिजौलिया ''ऊपरमाल'' जागीर की राजधानी या प्रमुख केन्द्र था।

454. 'हुरड़ा' सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की थी-

(a) सवाई जयसिंह (b) अभय सिंह
(c) जगतसिंह (d) दलेल सिंह

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

455. गीगा देवी कौन थी-

(a) परमार राजा धारावर्ष की रानी
(b) परमार राजा धारावर्ष की पुत्री
(c) परमार पूरणमल की बहन
(d) महाराजा राज सिंह की रानी

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (a) – गीगा देवी परमार राजा धारावर्ष की रानी थी। यह परमार वंश का शक्तिशाली कला-प्रेमी एवं विध्यानुरागी शासक था। कीर्ति कौमुदी के लेखक सोमेश्वर धारावर्ष के दरबारी कवि थे।

456. ``तलवार बन्धाई" क्या थी?

(a) नये जागीरदार के गद्दीनसीनी के समय उत्तराधिकार के रूप में राज्य द्वारा लिया जाने वाला उत्तराधिकार शुल्क
(b) युद्ध पर जाने से पूर्व सैनिक की कुशलता के लिये किये जाने वाले विधान
(c) विजय के समय सेनापति को दिया जाने वाला सम्मान
(d) नवनियुक्त सैनिक को अस्त्र-शस्त्र दिया जाना

उत्तर–(a)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या–'तलवार बंधाई' मेवाड़ में नए जागीरदार गद्दी नसीन होने के अवसर पर उत्तराधिकार के रूप में राज्य द्वारा लिया जाने वाला उत्तराधिकार शुल्क था।

457. चीनी यात्री जिसने भीनमाल की यात्रा की थी–

(a) फाह्यान (b) संगयुन
(c) ह्वेनसांग (d) इत्सिंग

उत्तर–(c)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या–चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भीनमाल की यात्रा की। हर्षवर्धन ने गुर्जरों से भीनमाल छीन लिया। लेकिन हर्षवर्धन की मृत्यु के बाद भीनमाल के परिहार राजा नागभट्ट ने कन्नौज तक अपने राज्य को विस्तृत किया।

458. राजस्थान संघ का निर्माण 25 मार्च 1948 को हुआ। इसमें राजप्रमुख किसे बनाया गया?

(a) धौलपुर के महाराजा (b) करौली के महाराजा
(c) महाराव कोटा (d) सिरोही महाराजा

उत्तर : (c)

RPSC RAS/RTS 2009

व्याख्या– 25 मार्च, 1948 को बांसवाड़ा, कुशलगढ़, बूंदी, डूंगरपुर, झालावाड़, किशनगढ़, कोटा, प्रतापगढ़, शाहपुर और टोंक आदि रियासतों ने एक अलग संघ राजस्थान से बना लिये, जिसे पूर्व राजस्थान कहा गया। कोटा को इस संघ की राजधानी बनाकर महाराव कोटा को राजप्रमुख और महाराज डूंगरपुर को उपराजप्रमुख बनाया गया।

459. निम्नलिखित युद्ध राजस्थान इतिहास में सीमा चिन्ह है –

(A) खानवा का युद्ध (B) भटनेर का युद्ध
(C) सुमेल-गिरी का युद्ध (D) हल्दी-घाटी का युद्ध

इन युद्धों को सही तिथिक्रम में रखते हुए, सही उत्तर का चयन कीजिये –

(a) (B), (A), (C), (D) (b) (A), (B), (C), (D)
(c) (A), (B), (D), (B) (d) (A), (B), (D), (C)

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या – उपर्युक्त युद्धों का सही कालक्रम है-

भटनेर का युद्ध	-	1398 ई.
खानवा का युद्ध	-	17 मार्च, 1527
सुमेल-गिरी का युद्ध	-	1544 ई.
हल्दी घाटी का युद्ध	-	जून, 1576